बिहार सरकार
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग
पशुपालन निदेशालय
विकास भवन, नया सचिवालय, पटना-15

पत्रांक– 10/नि0 (ब0पा0) 02/2023 (खण्ड)..... दिनांक– ...../2026

प्रेषक

डॉ0 सुनील कुमार ठाकुर,
संयुक्त निदेशक (प0 स्वा0)।

सेवा में

परियोजना निदेशक,
बी0एल0डी0ए0, पटना।

विषयः– **वित्तीय वर्ष 2023–24 "समेकित बकरी एवं भेड़ विकास योजना" के तहत अनुदानित दर पर बकरी वितरण की योजना के संबंध में।**

प्रसंगः– **पशुपालन निदेशालय का पत्रांक– 3598 (नि0), दिनांक– 12.11.2024.**

महाशय

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2023–24 में राज्य स्कीम अन्तर्गत "समेकित बकरी एवं भेंड़ विकास योजना" के तहत अनुदानित दर पर बकरी वितरण की योजनान्तर्गत निर्गत राज्यादेश संख्या– 4131, दिनांक– 06.11.2023 के कंडिका– 8 में निहित प्रावधान के आलोक में बिहार लाईवस्टॉक डेवलपमेन्ट एजेन्सी (बी0एल0डी0ए0), पटना के पी0 एल0 खाता में सहायक अनुदान गैर वेतन की संचित राशि को जिलावार निर्धारित भौतिक/वित्तीय लक्ष्य के अनुसार सभी जिला पशुपालन पदाधिकारी, बिहार को उपलब्ध कराने हेतु आपको पत्र प्रेषित किया गया था।

तदालोक में आपके द्वारा पत्रांक– 1468, दिनांक–27.11.2024 के माध्यम से उक्त योजना में सहायक अनुदान गैर वेतन की संचित राशि को सभी जिला पशुपालन पदाधिकारी को जिलावार निर्धारित भौतिक/वित्तीय लक्ष्य के अनुसार उपलबध कराये जाने की सूचना दी गयी थी।

उल्लेखनीय है कि विषयांकित योजनान्तर्गत उपलब्ध करायी गयी राशि के विरूद्ध संबंधित जिलों द्वारा व्यय/प्रगति विवरणी पशुपालन निदेशालय को उपलब्ध करायी गई है (छायाप्रति संलग्न)।

अतः उपलब्ध कराये गये प्रतिवेदन के आधार पर विषयांकित योजनान्तर्गत जिलों को उपलब्ध कराई गई राशि के विरूद्ध व्यय की गई राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र तथा सम्भावित व्यय की राशि को छोड़ कर शेष अव्यवहृत राशि को अविलंब वापस किया जाय, ताकि शेष राशि को राज्य सरकार के संबंधित संचित निधि में जमा कराई जा सके। साथ ही चयनित आपूर्तिकर्त्ता फर्मों के पशुपालन निदेशालय में जमा मूल EMD को वापस करने की कार्रवाई भी की जा सके।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाये।

अनुलग्नक– यथोक्त।

विश्वासभाजन
ह0/–
संयुक्त निदेशक (प0 स्वा0)।

दूरभाष संख्या: 0612-2215962 ई-मेल:dirahd-bih@nic.in वेबसाइट:state.bihar.gov.in/ahd

बिहार सरकार
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग
पशुपालन निदेशालय
विकास भवन, नया सचिवालय, पटना-15

ज्ञापांकः–10/नि0 (ब0पा0) 02/2023 (खण्ड)...454(नि0)/ पटना–15, दिनांक–...03/02.../2026

प्रतिलिपि :– विभागीय आई0 टी0 मैनेजर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– सभी जिला पशुपालन पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

–निदेशित किया जाता है कि अपने जिलान्तर्गत शेष अव्यवहृत राशि को अविलंब परियोजना निदेशक, बी0एल0डी0ए0, पटना को वापस किया जाय।

03/02/26
संयुक्त निदेशक (प0 स्वा0)।

दूरभाष संख्या: 0612-2215962 ई-मेल:dirahd-bih@nic.in वेबसाइट:state.bihar.gov.in/ahd